**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**FINAL EXAMINATION YEAR 2023- 2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **CLASS** | **: VII** | **SUBJECT : HINDI** | **TIMING : 2 HOURS** |
| **DATE** | **: 09 /02/2024** | | **MARKS : 80** |

**सूचना :- प्रश्न** 1 से 4 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Answersheet पर लिखिए और **प्रश्न** 5 से 10 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Question Paper पर ही लिखिए ।

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । [10]

i) अच्छे स्वास्थ्य का महत्व ii) मेरा प्रिय खेल iii) हमारा गणतंत्र दिवस

iv) आधुनिक भारत

प्रश्न 2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । [7]

i) अपने इलाके में फैली हुई गंदगी की शिकायत करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

अथवा

ii) आप समुद्र के किनारे रहते हैं । दिल्ली में रहने वाले अपने मित्र को छुट्टियों में अपने घर बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

बहुत समय पहले, एक जंगल में मेहनती और परिश्रमी हिरण रहता था। वह जंगल के हर कोने को छानते हुए समय गुजारता था और सभी जानवरों की मदद करता था। वह एक बहुत ही ईमानदार और निष्ठावान हिरण था।

एक दिन, जंगल में भयानक शेर आया । वह जानवरों को डराने आया था। यह शेर अत्यंत भयानक और क्रूर था। वह जंगल में डर और हाहाकार फैलाता था। जब जंगल में अचानक अत्यंत शोर-शराबा मच गया, तो सभी जानवर चिंतित हो गए। हर कोई डर के मारे अपने-अपने घरों में छिप गया। इस शोर को सुनकर हिरण भी डरकर भागने की कोशिश करता हुआ जंगल में छिप गया। शेर ने जंगल के सभी जानवरों को धमकाकर बताया कि अब वह जंगल का राजा है और सभी को उसकी शरण में आना होगा।

हिरण ने भी इसे सुना और शेर की दहाड़ सुनकर वह बहुत चिंतित हुआ। वह सोचने लगा कि शेर अब जंगल में सभी का आतंक बन गया है।

हिरण ने सभी जानवरों के साथ मिलकर शेर को हराने की और उससे छुटकारा पाने की योजना बनाई, उन्होंने शेर को सबक सिखाने का निर्णय लिया। हिरन के साथ सभी जानवरों ने मिलकर काम शुरू किया।

मेहनती हिरण ने तत्परता और साहस से भरपूर होकर शेर के खिलाफ लड़ने का निर्णय किया। वह अपनी मेहनत और समझदारी से शेर को हराने की कोशिश करने के लिए तैयार था। दिन बीतते गए, मेहनती हिरन ने खरगोश, चूहे और जमीन में खोदने वाले जानवरों को एक बड़ा गड्ढा खोदने के लिए कहा, सभी ने मिलकर कुछ ही दिनों में एक बहुत बड़ा खड्डा खोद दिया। उस गड्ढे को घास से छिपा दिया और शेर के आने का इंतज़ार करने लगे।

सभी जानवरों को एक साथ देख शेर ने उन पर हमला किया, सभी जानवर इधर-उधर भागने लगे, तभी हिरण शेर के सामने आया और उसे अपने पीछे भगाने लगा और उस खड्डे के पास ले आया । आखिरकार शेर उस गड्ढे में जा गिरा और सभी जानवर बहुत खुश हुए । हिरण ने बुद्धिमत्ता से शेर को हरा दिया। जंगल में सुकून और शांति फिर से वापस आ गई। सभी जानवर सुरक्षित महसूस करने लगे।

इस तरह, मेहनती हिरण ने अपनी मेहनत और संघर्ष से सफलता प्राप्त की और जंगल में सबको एक संदेश दिया कि हार नहीं माननी चाहिए । मेहनत से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। इसी तरह, हमें भी अपने जीवन में मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए । मुश्किलों से नहीं डरना चाहिए, बल्कि उनका सामना करना चाहिए और उन्हें पार करने की क्षमता रखनी चाहिए।

प्रश्न

i) हिरण और शेर का व्यवहार कैसा था ? [2]

ii) सभी जानवर चिंतित क्यों हो गये ? [2]

iii) शेर ने सभी जानवरों को क्या बताया ? [2]

iv) मेहनती हिरण ने क्या निर्णय किया ? क्या वह उसने सफल हुआ ? [2]

v) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

प्रश्न 4 (अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (नव भारती )

i) स्थानीय व्यंजनों में किस प्रकार कमी आई है ? इस ओर क्या कदम उठाए जा सकते हैं ? [3]

ii) पाठ के आधार पर विराट कोहली का जीवन-परिचय लिखिए I [3]

iii) काकी किस सुगंध से बेचैन थी ? उन्होंने पूड़ी - कचौड़ियों को लेकर क्या - क्या कल्पनाएँ कीं ? [3]

iv) चेतक की विशेषताओं का वर्णन कीजिए I [3]

v) खानपान में बदलाव के क्या-क्या फ़ायदे हैं ? लेखक इस बदलाव को लेकर चिंतित क्यों हैं? [3]

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (रंगमंच)

i) कैकेयी कोपभवन में क्यों चली गई ? [2]

ii) मंथरा ने रानी कैकेयी को क्या सलाह दी ? [2]

iii) कोपभवन में रानी कैकेयी की दशा देखकर राजा दशरथ पर क्या बीती ? [2]

सूचना :- प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए I

नाम : ____________________ कक्षा : _______________ अनुक्रमांक :____________

प्रश्न 5 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए I [3]

जो तनिक __________________________

____________________________________

____________________________________

______________________मुड़ जाता था I

प्रश्न 6 एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए I [5]

i) बुढ़ापे को बचपन का पुनरागमन क्यों कहा गया है ?

________________________________________________________________________

ii) 'एथनिक' का क्या अर्थ है ?

________________________________________________________________________

iii) राजा दशरथ की क्या इच्छा थी ?

________________________________________________________________________

iv) विराट कोहली को वर्ष २०१३ में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

________________________________________________________________________

v) शत्रु सेना क्या देखकर चकित रह गई ?

________________________________________________________________________

प्रश्न 7 शब्दार्थ लिखिए I [3]

i) हय - _______________ ii) रसास्वादन - _____________

iii) चयन - ________________ iv) जटिल - _________________

v) तरुण - ________________ vi) प्रीतिभोज - _________________

प्रश्न 8 किसने – किससे कहा लिखिए I [2]

i) “ ऐसे पेट में आग लगे, पेट है या भाड़ I”

__________________ ने ____________________ से कहा I

ii) “ महाराज! स्मरण कीजिए कि एक बार रणभूमि में मैंने आपकी सहायता की थी ” I

___________________ ने ____________________ से कहा I

प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने ‘ सही ’ तथा गलत के सामने ‘ गलत ’ लिखिए I [2]

i) बूढ़ी काकी बुद्धिराम की काकी थी I _________

ii) अंग्रेजों के जमाने में ब्रेड का सेवन शाही व अमीर लोग करते थे I __________

iii) विराट कोहली के पिता एक वकील थे I __________

iv) नई पीढ़ी के लोग चटपटे व्यंजन ज़्यादा पसंद करते हैं I __________

प्रश्न 10 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

1) निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [3]

i) सुगंध - _______________ _______________

ii) समूह - _______________ _______________

iii) प्रकाश - _______________ _______________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। [3]

i) दुर्लभ - _____________ ii) प्रमुख - _______________

iii) घृणा - _______________ iv) भूत - _______________

v) हर्ष - _______________ vi) सरल - _______________

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए I [3]

i) जिसके मन में कपट हो - ______________________________

ii) अच्छे चरित्र वाला व्यक्ति - ______________________________

iii) नभ में घूमनेवाला - ______________________________

iv) साथ में पढ़नेवाला - ______________________________

v) जो दया से रहित हो - ______________________________

vi) स्वयं सेवा करनेवाला - ______________________________

4) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए। [3]

i) प्रकृति - _______________ _______________

ii) कनक - _______________ _______________

iii) वंश - _______________ _______________

5) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया पहचानकर उनके भेद लिखिए। [2]

i) दादी माँ खीर बना रही है। ______________________

ii) राधा रोज़ सुबह दौड़ती है। ______________________

6) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए I [3]

i) धूल चाटना - ______________________________

ii) पेट पर लात मारना - ______________________________

iii) हँसी - खेल समझना - ______________________________